रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-24052023-246045
CG-DL-E-24052023-246045

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2180] नई दिल्ली, बुधवार, मई 24, 2023/ज्येष्ठ 3, 1945
No. 2180] NEW DELHI, WEDNESDAY, MAY 24, 2023/JYAISHTHA 3, 1945

## वित्त मंत्रालय

### (राजस्व विभाग)

### (केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड)

### अधिसूचना

नई दिल्ली, 24 मई, 2023

**(आयकर)**

**का.आ. 2274(अ).—**केन्द्रीय सरकार, धारा 56 की उपधारा (2) के खंड (viiख) के पहले परंतुक के उपखंड (ii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त खंड के प्रयोजनों के लिए, निम्नलिखित वर्ग या वर्गों के व्यक्तियों को अधिसूचित करती है, अर्थात्:-

(i) सरकार और सरकार संबंधी विनिधानकर्ता जैसे केन्द्रीय बैंक, संप्रभु धन निधियां, अंतरराष्ट्रीय या बहु पार्श्विक संगठन या अभिकरण जिनके अंतर्गत सरकार द्वारा नियंत्रित अस्तित्व भी हैं या जहां सरकार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष स्वामित्व पचहत्तर प्रतिशत का या अधिक है ;

(ii) बीमा कारबार में लगे हुए बैंक या अस्तित्व जहां ऐसा अस्तित्व देश में लागू विनियमों के अधीन है जहां वह स्थापित या निगमित या निवासी है ;

(iii) निम्नलिखित में से कोई अस्तित्व, जो उपाबंध में सूचीबद्ध किसी देश या विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्र का निवासी है, और ऐसा अस्तित्व उस देश में लागू विनियमों के अधीन है जहां वह स्थापित या निगमित या निवासी है:-

(क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड में प्रवर्ग-1 विदेशी पोर्टफोलियो विनिधानकर्ता के रूप में रजिस्ट्रीकृत अस्तित्व ;

(ख) विश्वविद्यालय, चिकित्सालय या पूर्त संगठनों से सहबद्ध अक्षयनिधि निधियां ;

(ग) अन्य देश या विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्र की विधि के अधीन सृजित या स्थापित पेंशन निधियां ;

(घ) ब्रोड बेस्ड पूल्ड इंस्वेस्टमेंट विहिकल या निधि जहां ऐसे विहिकल या निधि में विनिधानकर्ताओं की संख्या पचास से अधिक है और ऐसी निधि हेज निधि नहीं है या वह निधि नहीं है जो विविध या जटिल व्यापार रणनीतियों को नियोजित करती है ;

**उपाबंध**

**देशों की सूची**

| क्र. सं. | देश/विनिर्दिष्ट राज्यक्षेत्र का नाम |
|---|---|
| (1) | (2) |
| 1. | आस्ट्रेलिया |
| 2. | आस्ट्रिया |
| 3. | बेल्जियम |
| 4. | कनाडा |
| 5. | चैक रिपब्लिक |
| 6. | डेनमार्क |
| 7. | फिनलैंड |
| 8. | फ्रांस |
| 9. | जर्मनी |
| 10. | आइसलैंड |
| 11. | इजरायल |
| 12. | इटली |
| 13. | जापान |
| 14. | कोरिया |
| 15. | न्यूजीलैंड |
| 16. | नार्वे |
| 17. | रूस |
| 18. | स्पेन |
| 19. | स्वीडन |
| 20. | यूनाइटेड किंगडम |
| 21. | यूनाइटेड स्टेट्स |

[अधिसूचना सं. 29/2023/फा. सं. 370142/9/2023-टीपीएल (पार्ट-1)]

अमृत प्रीतम चेतिया, अवर सचिव (कर नीति और विधान)